<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 3652

24 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन हेतु स्क्रैप की कमी

3652. श्री जी॰ सी॰ चन्द्रशेखरः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में मध्य प्रदेश समेत लघु इस्पात उद्योगों को इस्पात उत्पादन हेतु पर्याप्त स्क्रैप नहीं मिल पा रहा है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस्पात उद्योग की सहायता के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जाने वाले सुधारात्मक कदम क्या हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री (श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (ग): इस्पात एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है। खरीद, प्रचालन, बिक्री, विपणन और निवेश इत्यादि के मामले वाणिज्यिक सोच-विचार, बाजार गतिशीलता आदि के आधार पर संबंधित कंपनियों द्वारा लिए जाते हैं। इस्पात उत्पादन करने वाली इकाइयों और स्क्रैप प्रोसेसिंग इकाइयों द्वारा स्क्रैप की उपयोगिता संबंधित निर्णय इकाइयों के वाणिज्यिक निर्णय होते हैं। स्क्रैप की खरीद घरेलू रूप से या आयात के जरिए की जा सकती है। इस्पात उत्पादन करने वाली इकाइयों द्वारा स्क्रैप की खरीद आयात या घरेलू रूप से करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। सरकार मध्य प्रदेश सहित देश में स्टील स्क्रैप आपूर्ति की स्थिति को विनियमित नहीं करती है।

****